चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 1-12-25 | 4 | 3-6 |

# सेवानिवृत्त कर्मचारी परिवार और समाज को सेवाएं प्रदान करें: प्रो. बीआर काम्बोज



समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने तीन माह के दौरान 32 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शाल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। वे अपने आपको सेवानिवृत्त न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। प्रो. काम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हें उचित मान सम्मान दिया जाए। कुलसचिव डा. पवन कुमार ने सेवानिवृत्त विज्ञानियों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं।

इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, एसवीसी कपिल अरोड़ा व सहायक कुलसचिव राजीव मोर भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय से तीन माह के दौरान दो विज्ञानी, एक कैंपस स्कूल की अध्यापिका तथा 29 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 1-12-25 | 4 | 4-5 |

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो.बीआर कांबोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने तीन माह के दौरान सेवानिवृत्त विश्वविद्यालय के 32 कर्मचारियों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, एसवीसी कपिल अरोड़ा व सहायक कुलसचिव राजीव मोर भी उपस्थित रहे।



सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. कांबोज। स्रोत : संस्थान

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि · भूमि | 1-12-25 | 12 | 3-4 |



हिसार। सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज। फोटो: हरिभूमि

## खुद को सेवानिवृत्त न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें : प्रो. बीआर कम्बोज

- हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने तीन माह के दौरान 32 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। वे अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. कम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान सम्मान दिया जाए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 1-12-25 | 1 | 1-2 |

# हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।*

हिसार, 30 नम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने तीन माह के दौरान 32 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, एस.वी.सी. कपिल अरोड़ा व सहायक कुलसचिव राजीव मोर भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय से गत तीन माह के दौरान 2 वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल की अध्यापिका तथा 29 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए।

वैज्ञानिकों में डॉ. जगत सिंह, डॉ. उमेश कुमार, अध्यापिका सुनीता सांगवान जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में वीना नारंग, सरला अहलावत, सुखवीर सिंह, रमेश कुमार, ईश्वर सिंह, सतबीर सिंह, घनश्याम, ओमप्रकाश, जोगिन्दर सिंह, राजबाला, राजेन्द्र सिंह, सुरेश, फूल पति, भीम बहादूर, सोम नाथ, सुरेश कुमार, कृष्ण लाल, राज रानी, जयपाल सिंह, कृष्ण कुमार, मोहिन्दर कुमार, जय राम, भोज राज, जगदीश चन्द्र, राकेश कुमार, ईश्वर सिंह, बंस बहादूर, महाबीर व जगदीश कुमार शामिल है।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 1-12-25 | 5 | 6-8 |

# हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

हिसार, 30 नवम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने तीन माह के दौरान 32 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। वे अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. काम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान सम्मान दिया जाए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं।

वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, एसवीसी कपिल अरोड़ा व सहायक कुलसचिव राजीव मोर भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय से गत तीन माह के दौरान 2 वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल की अध्यापिका तथा 29 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. जगत सिंह, डॉ. उमेश कुमार, अध्यापिका सुनीता सांगवान जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में वीना नारंग, सरला अहलावत, सुखबीर सिंह, रमेश कुमार, ईश्वर सिंह, सतबीर सिंह, घनश्याम, ओमप्रकाश, जोगिन्दर सिंह, राजबाला, राजेन्द्र सिंह, जय राम, भोज राज, जगदीश चन्द्र, राकेश कुमार, ईश्वर सिंह, बंस बहादूर, महाबीर व जगदीश कुमार शामिल है।